पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
———————

राज्यपाल ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयन्ती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

——————

गांधी आश्रम में राज्यपाल ने चरखा चलाया

——————

राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश क्षय निवारक संस्था के टी0बी0 सील बिक्री अभियान के 71वें कैम्पेन का लोकार्पण किया

——————

राज्यपाल ने राजभवन के बच्चों द्वारा गांधी जयन्ती पर प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा

——————

राजभवन के बच्चों ने 'गतिशील राजभवन' पुस्तक का विमोचन किया

——————

राज्यपाल ने इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा बाढ़ पीड़ितों हेतु भेजे जाने वाली राहत सामग्री की गाड़ियों को झण्डी दिखाकर रवाना किया

——————

लखनऊ : 2 अक्टूबर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राजभवन स्थित बापू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात जी0पी0ओ0 स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने गांधी आश्रम में भी जाकर गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा वहां चरखा भी चलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने भी चरखा चलाया। शास्त्री भवन एनेक्सी में भी राज्यपाल ने लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

इसके बाद राज्यपाल ने राजभवन में उत्तर प्रदेश क्षय निवारक संस्था के टी0बी0 सील बिक्री अभियान के 71वें कैम्पेन का लोकार्पण किया।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन के गांधी सभागार में महात्मा गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने गांधी जी के जीवन दर्शन पर राजभवन के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को

देखा। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने गांधी जी द्वारा पं0 जवाहर लाल नेहरू जी को पानी की बचत हेतु दी गई सीख का उदाहरण देते हुए कहा कि बच्चों तथा अभिभावकों को पानी की बचत, घर की एवं आसपास की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

राज्यपाल ने पेंटिंग, सफाई, स्वास्थ्य परीक्षण, भाषण एवं निबन्ध प्रतिस्पर्धा में विजयी राजभवन के बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उल्लेखनीय कार्य करने वाले राजभवन के अधिकारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राजभवन के बच्चों ने राजभवन की गतिविधियों पर आधारित पुस्तक 'गतिशील राजभवन' का विमोचन किया। राज्यपाल ने जनपद बाराबंकी के प्रगतिशील किसान श्री राम सरन वर्मा को शाल एवं पुस्तक 'गतिशील राजभवन' देकर सम्मानित किया।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन से इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश राज्य शाखा द्वारा बाढ़ प्रभावित व कोविड–19 से प्रभावित 9 जिलों को भेजे जाने वाली राहत सामग्री के वाहनों को झण्डी दिखाकर रवाना किया। राहत सामग्री में मास्क, किचन सेट, तारपोलिन, मच्छरदानी, एसार्टेड क्लाथ, काटन कम्बल, साबुन, ग्लब्स व सेनेटाइजर है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, श्री महेश कुमार गुप्ता, विशेष सचिव बद्री नाथ सिंह, विधि परामर्शी श्री संजय खरे, अपर विधि परामर्शी श्री कामेश शुक्ला, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री केयूर सम्पत एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

––––––

ओ0पी0राय/राजभवन (39/2)

बाढ़ राहत सामग्री
जिला शाखा देवरिया
INDIAN RED CROSS SOCIETY